11.03.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर समय18.30

प्रादेशिक समाचार

- देश में नागरिकता संशोधन कानून लागू करने की अधिसूचना जारी ।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के गुरूग्राम से एक लाख करोड़ रूपये की लागत वाली 112 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया– इसमें प्रदेश की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं भी शामिल।

- प्रधानमंत्री ने सशक्त नारी – विकसित भारत कार्यक्रम को सम्बोधित किया– कहा– महिला शक्ति 21वीं सदी के भारत की प्रौद्योगिकी क्रांति का नेतृत्व कर सकती है।

- राज्य में एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल – 317 पुलिस उप अधीक्षकों के हुए तबादले ।

000

देश में नागरिकता संशोधन कानून लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके तहत भारत के तीन पडौसी देश अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बंगलादेश से 31 दिसम्बर 2014 से पहले भारत में शरण लेने वालों को भारत की नागरिका देने का प्रावधान है। इसके तहत हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, परसी और इसाई धर्म मानने वालों को देश की नागरिकता दी जाएगी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज हरियाणा के गुरूग्राम से लगभग एक लाख करोड़ रूपये की लागत वाली 112 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया। ये परियोजनाएं देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में सहायक होंगी। प्रधानमंत्री ने आठ लेन वाले द्वारका एक्सप्रेसवे के 19 किलोमीटर लम्बे हरियाणा खण्ड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि द्वारिका एक्सप्रेस–वे एक नये अध्याय की शुरूआत करेगा। उन्होंने कहा कि इस एक्सप्रेस–वे के बन जाने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढेंगे।

........................

श्री मोदी ने कहा कि आज जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है, वे विकसित भारत की अगली पीढ़ी की बुनियादी संरचना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का भारत बड़े विजन का भारत है। उन्होंने कहा कि यह बड़े लक्ष्यों वाला भारत है। प्रधानमंत्री ने प्रदेश की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं अमृतसर–जामनगर इकोनॉमिक कॉरिडोर के एक हजार 799 करोड़ की लागत के 2 पैकेज का भी उद्घाटन किया। जयपुर में आरआईसी में आयोजित कार्यकम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और कई अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेस के जरिये शामिल हुए। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अमृतसर–जामनगर इकनोमिक कोरिडोर के विकास से सम्पूर्ण प्रदेश और विशेषकर राज्य के सीमावर्ती जिलों के आर्थिक विकास के नये अवसर खुलेगें।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कोई भी देश महिला शक्ति की गरिमा को बढ़ाकर और उनके लिए नए अवसर सृजित करके ही आगे बढ़ सकता है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली में सशक्त नारी–विकसित भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने एक हजार नमो ड्रोन दीदियों को ड्रोन सौंपे। श्री मोदी ने कहा कि पूरा देश विभिन्न क्षेत्रों में नारी शक्ति की उपलब्धियों पर गर्व कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के कारण एक करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदियां बन चुकी हैं।

...................

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2014 में उनकी सरकार के सत्ता में आने के बाद कई योजनाएं महिलाओं के लिए लाई गईं और उनका सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि देश की महिला शक्ति 21वीं सदी के भारत की प्रौद्योगिकी क्रांति का नेतृत्व कर सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में ड्रोन प्रौद्योगिकी का देश में विस्तार होगा। श्री मोदी ने कहा कि भारत में स्वयं सहायता समूहों ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। इस अवसर पर श्री मोदी ने दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समर्थन से सफलता हासिल करने वाली लखपति दीदियों को सम्मानित भी किया। इस कार्यक्रम से देशभर के विभिन्न स्थानों से नमो ड्रोन दीदी वर्चुअली माध्यम से जुड़ी। इधर कोटा के सुल्तानपुर में गड़ेपान के पास भी कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर केन्द्रीय विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी मौजूद रहीं। हाड़ौती क्षेत्र में 104 महिलाओं का नमो ड्रोन दीदी योजना में चयन किया गया है।

000

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने आज नई दिल्ली में एक गोल मेज बैठक आयोजित की जिसमें मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में महिलाओं की छवि की प्रस्तुति पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में समाचार, टेलीवीजन, रेडियो और नेटफ्लिक्स जैसे ओटीटी मंचों के प्रतिनिधियों, फिल्म उद्योग की जानीमानी हस्तियों तथा विधि विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस दौरान चर्चा में इस बात का विश्लेषण किया गया कि मीडिया में किस तरह से महिलाओं को चित्रित किया जाता है।

000

केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार की डिजिटल प्रदर्शनी सुभाष अभिनंदन का उद्घाटन किया। नई दिल्ली में यह प्रदर्शनी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर केन्द्रित हैं। इस अवसर पर श्री मेघवाल ने कहा कि सरकार के मिशन–विरासत भी, विकास भी– का उद्देश्य यह है कि भारत विश्व को हर क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करे।

...................

000

चुरू से भाजपा के सांसद राहुल कस्वां कांग्रेस में शामिल हो गये। आज नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर श्री कस्वां ने कहा कि वे चुरू की जनभावनाओं के अनुरूप कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने इस माके पर दो बार चुरू का प्रतिनिधित्व करने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस में रहकर किसानों के मुद्दे उठाते रहेंगे। इस मौके पर पार्टी प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली भी उपस्थित रहे।

000

राजस्थान में एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस विभाग में आज 317 पुलिस उप अधीक्षकों के तबादले हुए हैं। डीजीपी यूआर साहू ने इसके आदेश जारी किए। इससे पहले शनिवार को भजनलाल सरकार ने दो आईएएस और 50 आरएएस अधिकारियों के तबादले किए थे।

000

डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को उच्च शिक्षा में नवीन तकनीक से जोड़ने के लिए प्रदेश में पहली बार कृषि विवविद्यालय, जोधपुर में जियो इंफोर्मेटिक्स का एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स शुरू कर रहा है।

....................

000

सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने केन्द्र सरकार की खेलो इण्डिया योजना के तहत आज जिला खेल स्टेडियम में बने बहुउद्देश्यीय इण्डोर हॉल का लोकार्पण किया। खेलो इण्डिया योजना के तहत सवा चार करोड रूपये की लागत से इस हॉल का निर्माण कराया गया है। केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर वर्चुअल रूप से कार्यक्रम से जुडे। इस मौके पर स्वामी सुमेधानन्द ने कहा कि इस बहुउद्देश्यीय इण्डोर हॉल के निर्माण से खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं मिलेंगी।

000

खाटूश्याम जी का लक्खी मेला आज से शुरू हो गया। 21 मार्च तक चलने वाले इस मेले में बाबा का विशेष फूलों से श्रृंगार किया जायेगा। इसके लिए खासतौर पर बाहर से फूल मंगवाए गए हैं। करीब 105 कारीगर इस व्यवस्था में जुटे हुए हैं। मेले में उमडने वाली श्रृद्धालुओं की भीड के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन ने खास प्रबंध किए हैं। रींगस से खाटूश्यामजी मंदिर तक नो व्हीकल जोन है। यहां से श्रद्धालु पैदल ही जा सकेंगे। इस मेले में देश के कोने–कोने से लाखों भक्त शामिल हो रहे है।

000

प्रदेश में कुछ स्थानों पर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले 24 घंटों में बादल छाये रहे। मौसम विभाग के अनुसार एक और कमजोर विक्षोभ का प्रभाव 13–14 मार्च को पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान के कुछ भागों में होने की संभावना है। इसके असर से जोधपुर और बीकानेर संभाग के सीमावर्ती क्षेत्रों में 13 मार्च को बादल छाए रहने और छुटपुट स्थानों पर बादल गरजने  के साथ हल्की बारिश हो सकती है। शेष भागों में आगामी दिनों में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है।

000